रिपोर्ट

हिंदी साहित्य परिषद्

हिंदी विभाग, श्याम लाल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

'महादेवी के बहाने हिंदी का स्त्री विमर्श विषय' पर एक वेबिनार का आयोजन

हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग, श्यामलाल कॉलेज और आईक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 24 सितंबर, 2020, को हिंदी साहित्य परिषद्, श्यामलाल कॉलेज ने **'महादेवी के बहाने हिंदी का स्त्री विमर्श'** विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की प्रोफ़ेसर सुधा सिंह इस वेबिनार की मुख्य वक्ता थीं। एक बेहद सुचिंतित, सारगर्भित एवं छात्रोपयोगी वक्तव्य में प्रोफ़ेसर सुधा सिंह ने महादेवी वर्मा के स्त्री विमर्श को अपने समय से आगे, मौलिक, क्रांतिकारी और अनुभवजन्य बताते हुए उन्हें भारतीय स्त्री विमर्श की सशक्त आवाज बताया। सुधा सिंह ने कहा कि महादेवी वर्मा के विमर्शकार रूप पर सबसे कम चर्चा हुई है। अब समय है कि उनके इस रूप को ज्यादा सड़े ज्यादा उद्घाटित किया जाए। इससे पहले कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रबी नारायण कर ने प्रोफ़ेसर सुधा सिंह का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ राकेश मीना ने प्रोफ़ेसर सुधा सिंह के वक्तव्य के मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करते हुए हिंदी विभाग तथा श्यामलाल कॉलेज की तरफ से उन्हें वेबिनार में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम का संचालन विभाग के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। विभाग के सभी सदस्य और छात्रों की इस ऑनलाइन कार्यक्रम में उत्साहजनक उपस्थिति रही। दूसरे विभागों के शिक्षक भी प्रोफ़ेसर सुधा सिंह को सुनने के लिए आए। कुल मिलाकर यह आयोजन काफी सफल रहा और विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को काफी सराहा। **कार्यक्रम में 87 छात्र सम्मिलित हुए ।**

20:50
SLC (दिल्ली विश्वविद्यालय)
श्यामलाल कॉलेज
हिंदी विभाग
In collaboration with
IQAC
Organize
A Webinar
On
महादेवी वर्मा के बहाने हिंदी का स्त्री विमर्श
दिनांक:- 24th Sept'20
समय:- 5:30 PM
मंच:- ZOOM
प्रोफेसर सुधा सिंह हिन्दी विभाग
(दिल्ली यूनिवर्सिटी)
TO REGISTER
SCAN:-
•E-Certificate will be provided to all the attendees
For more details:-
•Abhay Goel
(9758970169)
डॉ० राकेश मीना
(शिक्षक प्रभारी,हिंदी विभाग)
डॉ० कुशा तिवारी
(प्रधान प्रभारी,IQAC)
प्रो० रवी नारायण कर
(प्रधानाचार्य,SLC)
Copy text from image
Share
Edit
Lens
Delete